Regarding operation of railway services in Wardha Parliamentary Constituency ? laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा के वर्धा एंव अमरावती जिले में कुल 13 बड़े रेलवे स्टेशन हैं जिस पर हर दिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं, कोविड के पहले तक ट्रेनों का ठहराव सुचारू रूप से संतोषजनक था। किन्तु कोविड में सम्पूर्ण भारत में ट्रेनों का परिचालन बंद किया गया था, जिसका असर मेरे यहाँ भी हुआ किन्तु जब वर्ष 2022 में ट्रेनों का परिचालन पुनः आरम्भ हुआ तो मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली रेल जो कोविड के पूर्व चलती थी उसको अभी तक चालू नहीं किया गया है। मेरे क्षेत्र वर्धा में कोविड से पूर्व की भाति सभी रेलवे स्टेशन पर जो भी ट्रेन रुक रही थीं, उसको रुकवाने के लिए माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ। साथ ही साथ वर्धा से पुणे के बीच प्रतिदिन नई रेलसेवा प्रारंभ की जाए। हावड़ा से पुणे जानेवाली दुरोंतो एक्सप्रेस का वर्धा मे ठहराव स्वीकृति किया जाए। कोविड के समय स्थगित किया गया । रेल यात्रा टिकट पर मिलने वाली वरिष्ठ नागरिक प्रवासी छूट का कन्सेशन तत्काल प्रभाव से फिर से लागू किया जाये।

अत: मैं रेल मंत्री से आग्रह करता हूँ कि जनहित के सभी मुद्दों को जल्द से जल्द पूरा करने की कृपा करें।